युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय
लखीमपुर-खीरी

दिनांक : 21.08.2024

सूचना

सत्र 2024–25 में बी0एड0 प्रथम सेमेस्टर/वर्ष में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 02.09.2024 से प्रातः 10:00 बजे से 02:00 बजे के मध्य बी0एड0 कक्षा में प्रवेश लेने हेतु निम्न प्रपत्रों के साथ उपस्थित हों–

1. प्रवेश आवेदन पत्र।
2. बी.एड. प्रवेश परीक्षा आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र।
3. प्रवेश परीक्षा अंकपत्र (Score Card of the JEE B.Ed. 2024)
4. एडमीशन लेटर (Provisional allotment cum-confirmation letter)।
5. जन्मतिथि प्रमाण पत्र (Class X Certificate)।
6. सभी शैक्षणिक अंकपत्र व प्रमाण पत्र।
7. जाति, आय एवं अधिभार प्रमाण पत्र (Category, sub-category, Income & Weightage Certificate in prescribed Format)।
8. फोटोयुक्त पहचान पत्र (Photo ID issued by government)।
9. समस्त शुल्क जमा प्राप्ति रसीद।
10. अन्तिम संस्था का स्थानान्तरण प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र (T.C. & Character Certificate)।
11. मुख्य चिकित्सा अधिकारी से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र।
12. विभागीय शपथ पत्र विद्यार्थी द्वारा।
13. एण्टी रैगिंग शपथ पत्र अभिभावक एवं विद्यार्थी द्वारा।
14. सेवारत अभ्यर्थी हेतु विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं रिलीविंग प्रमाण पत्र।
15. प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate)–लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के अतिरिक्त विश्वविद्यालय हेतु।
16. पासपोर्ट साइज 6 फोटो।

नोटः– कमांक 01 से 10 तक के समस्त अभिलेखों की छायाप्रतियां एक फाइल में रखकर अलग से जमा करें।

Hemant 21.8.24
प्राचार्य
प्राचार्य/PRINCIPAL
यु0 द0 महाविद्यालय/Y.D.P.G. College
लखीमपुर–खीरी/Lakhimpur-Kheri

समक्ष,

प्राचार्य,
युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
लखीमपुर–खीरी।

मैं..पुत्र/पुत्री श्री.. आयु..........वर्ष निवासी ....शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि–

1. यह कि शपथकर्ता ने महाविद्यालय में बी0एड0 प्रवेश हेतु फार्म में जो अंकपत्र, प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज (Documents) जिनके आधार पर प्रवेश हुआ है, संलग्न किए हैं, वे सत्य हैं। यदि कोई भी अंक पत्र या प्रमाण पत्र असत्य पाया जाता है तो प्रवेश निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य महोदय को होगा तथा प्राचार्य महोदय को अन्य वैधानिक कार्यवाही करने का भी अधिकार होगा।
2. यह कि बी0एड0 पाठ्यक्रम पूर्ण कालिक है। अतः शपथकर्ता किसी अन्य पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं लेगा। यदि वह कहीं किसी अन्य पाठ्यक्रम में प्रवेश लेता है अथवा प्रवेश लिए हुए पाया जाता है तो उसका बी0एड0 कक्षा से प्रवेश निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य महोदय को होगा।
3. यह कि शपथकर्ता किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय/अशासकीय सेवा में कार्यरत नहीं हैं।
4. यह कि शपथकर्ता को विश्वविद्यालय परीक्षा में बैठने के लिए सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम में 90 प्रतिशत और प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम में शत प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है। अतः 90 प्रतिशत से कम उपस्थिति रहने पर शपथकर्ता को लिखित परीक्षा से वंचित करने का अधिकार प्राचार्य महोदय को होगा।
5. यह कि शपथकर्ता के बी0एड0 कक्षा में 10 दिवस लगातार अनुपस्थित रहने पर उसका नाम बी0एड0 कक्षा से काट देने का अधिकार प्राचार्य महोदय का होगा।
6. यह कि शपथकर्ता प्रायोगिक कार्य एवं शिक्षण अभ्यास कार्य बी0एड0 कक्षा के समूह के साथ ही पूर्ण करेगा। यदि शपथकर्ता उक्त कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण नही कर सका तो विश्वविद्यालयीय प्रायोगिक परीक्षा में बैठने से वंचित करने का अधिकार प्राचार्य महोदय को होगा।
7. यह कि शपथकर्ता विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर निर्गत नियमों का पालन करेगा।
8. यह कि शपथकर्ता चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी0सी0) प्रवजन प्रमाण पत्र 15 दिनों के अन्दर जमा कर देगा। (यदि लागू हो)
9. धारा–1 से धारा–8 तक जो भी लिखा है वह सब शपथकर्ता के ज्ञान में सत्य है, कुछ भी छिपाया नही गया है।

शपथकर्ता